# कार्यालय वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती

उत्तराखण्ड वन्यजीव हैल्पलाईन न0–1800890915(टोल फ्री)

Phone & Fax no. 0135-2431159 E-mail: cfbhagi-forest-uk@nic.in

**पत्रांक सं0: 1703 /12–1 मुनिकीरेती, दिनांक 18/ 02 /2025**

**सेवा में,**

**प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,**
**वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी,**
**उत्तराखण्ड, देहरादून।**

**विषय :-** **जनपद उत्तरकाशी में विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अंतर्गत चिन्यालीसौड़–जोगथ मोटर मार्ग से गोरूण तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.5225 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भ:-** **भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्रांक–08बी0/यू0सी0पी0/06/132/2021/एफ0सी0/1491, दिनांक 22.02.2024 के कम में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण पर 04 बिन्दुओं की आख्या अपेक्षित है, जिसके अनुपालन में प्रस्ताव में जारी कमियों के निराकरणोपरान्त, बिन्दुवार अनुपालन आख्या प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी के द्वारा अपने पत्रांक–2629/12–1 दिनांक 06.02.2025 से इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी । उक्त का अवलोकन करने के उपरान्त वांछित सूचना संस्तुति सहित मय संलग्नकों के इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

**भवदीय**

**(धर्म सिंह मीणा)**
**वन संरक्षक**

**पत्रांक: 1703 / 12-1 तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि :-** प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**वन संरक्षक**
**भागीरथी वृत्त मुनिकीरेती।**

D:\year 2024-25\EDS FROM 2024\CF TO NODAL.docx

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374-222964 Tel.No- 01374-222444

पत्रांक–2629/12–1, कोटबंगला, दिनांक 06/02/2025

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड,
मुनिकीरेती।

विषय :– **जनपद उत्तरकाशी में विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत चिन्यालीसौड़–जोगथ मोटर मार्ग से गोरूण तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.5225 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।**

सन्दर्भ :– **भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय/क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का कार्यालय पत्रांक–8बी./यू.सी.पी./06/132/2021/एफ.सी./1491, दिनांक– 22.02.2024।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र से विषयगत मोटर मार्ग में 04 बिन्दुओं पर आख्या चाही गई थी, जिसकी निराकरण आख्या याचक विभाग द्वारा अपने कार्यालय पत्र– 161/3एल0ए0, दिनांक– 05.02.2025 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की गई है जिसकी बिन्दुवार निराकरण आख्या निम्नानुसार हैः–

| क्र0 सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | Administrative approval uploaded online is of 2014. State Government shall re-validate the same and upload new administrative approval. | उक्त के अनुपालन में याचक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि शासनादेश पुनः सत्यापन करवाने का प्राविधान नहीं है, जिस कारण उक्त शासनादेश सत्यापन करवाया जाना संभव नहीं है। |
| 2 | The State Govt. submitted that path distance of village is 1.5 km. Further stated that vertical height is 150-200 meter. However, on perusal of KML file, the height appears to be less than 100 meters. It shall be clarified. | उक्त के अनुपालन में अवगत कराना है कि वन विभाग तथा प्रयोक्ता विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा मौके का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौरूण गांव से चिन्यालीसौड़–जोगथ मोटर मार्ग के निकटतम बिन्दु का चयन किया गया जिसकी समुद्र तल से ऊंचाई एवं जी0पी0एस0 कॉर्डिनेटस क्रमशः 1617 मी0 एवं 30$^0$32'48''N, 78$^0$24'04''E पाई गई इसी क्रम में गोरूण गांव के प्रारम्भिक बिन्दु का चयन किया गया, जिसकी समुद्र तल से ऊंचाई एवं जी0पी0एस0 कॉर्डिनेटस क्रमशः 1503 मी0 एवं 30$^0$32'42''N, 78$^0$23'55''E पाई गई, जिससे स्पष्ट होता है कि चिन्यालीसौड़–जोगथ मोटर मार्ग से गोरूण गांव की उर्ध्वाधर दूरी 114 मीटर है। **संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न है।** |
| 3 | A detailed map showing the location of the village, existing road and the distance between them shall be submitted. | उक्त के अनुपालन में मौजूदा मोटर मार्ग (चिन्यालीसौड़–जोगथ मोटर मार्ग) एवं गोरूण गांव को प्रदर्शित करती हुई गूगल फोटोग्राफ्स संलग्न है। |
| 4 | The user agency shall give detailed presentation giving justification about the proposal road on dt. 27.02.2024 at 3:00 PM in this office. | उक्त के अनुपालन में याचक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के पत्रांक– 8बी./यू.सी.पी./06/132/2021/एफ.सी./1491, दिनांक– 22.02.2024 के माध्यम से दिनांक– 27.02.2024 अपराहन 3.00 बजे चिन्यालीसौड़ जोगत मोटर मार्ग से गोरूण तक मोटर मार्ग के निर्माण के सन्दर्भ में Presentation देने के निर्देश हेतु सूचित किया गया था, किन्तु उक्त सन्दर्भित पत्र इस कार्यालय में दिनांक– 20.09.2024 को विलम्ब से प्राप्त हुआ, जिस कारण Presentation देना सम्भव नहीं हो पाया। |

वन विभाग
प्राप्ति 3930
पत्रावली 12-1
दिनांक 15/02/2025
भागीरथी वृत्त उत्तराखण्ड

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,
(डी0पी0 बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

D:\DraftMan Letter\Letter.docx

# कार्यालय उप प्रभागीय वनाधिकारी, धरासू उप वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

## पत्रांक- 607 /12-1, कोटबंगला, दिनांक 30/01 /2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग,
उत्तरकाशी।

विषय :– जनपद उत्तरकाशी में विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत चिन्यालीसौड़–जोगत मोटर मार्ग से गोरूण तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.5225 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक–1469 / 12–1 दिनांक 18.10.2024।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में आपके द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 31.12.2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा लो0नि0वि0 के कर्मचारियों के साथ सम्बन्धित मार्ग का निरीक्षण किया गया। गोरूण गांव के समीपस्थ मोटर मार्ग चिन्यालीसौड़–जोगत मोटर मार्ग है, उक्त मोटर मार्ग से ही गोरूण गांव तक नया मार्ग प्रस्तावित है। उत्तराखण्ड शासन के मार्ग निधि के अनुसार सड़क से 100 मी0 उर्ध्वाधर दूरी से कम दूरी के गांव को मोटर मार्ग से जुड़ा हुआ माना जायेगा।

उक्त तथ्य का परीक्षण करने के लिये चिन्यालीसौड़–जोगत मोटर मार्ग पर गोरूण गांव के समीपस्थ बिन्दु का चयन किया गया जिसकी समुद्र तल से ऊँचाई 1617 मी0 जी0पी0एस0 द्वारा ज्ञात हुई, इसी प्रकार उक्त मोटर मार्ग से गोरूण गांव के समीपस्थ बिन्दु का मौके पर चयन किया गया, जिसकी समुद्र तल से ऊँचाई 1503 मी0 जी0पी0एस0 द्वारा ज्ञात हुई। जिससे स्पष्ट होता है कि गोरूण गांव की निकटस्थ मोटर मार्ग से उर्ध्वाधर दूरी लगभग 114 मी0 है। उक्त दूरी 100 मी0 के समीप ही है, जिस कारण यदि दूरी ज्ञात करने के लिये बिन्दुओं का चयन सही प्रकार से नही किया जाता है, तो उक्त दूरी ज्ञात करने में असमानता आ सकती है। पूर्व में अलग–अलग समय पर अलग–अलग बिन्दुओं का चयन कर लिये जाने के कारण उक्त दूरी में परिवर्तन प्रदर्शित हो रहा था। वर्तमान में चयनित किये गये बिन्दुओं को गूगल मैप पर दर्शाकर मैप को रिपोर्ट के साथ संलग्न कर दिया गया है।

अतः रिपोर्ट महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

<u>संलग्नक–उपरोक्तानुसार।</u>

भवदीय,

उप प्रभागीय वनाधिकारी
धरासू उप वन प्रभाग,
उत्तरकाशी।

D:\SDO Dharashu\Latter.doc